तू मेरा हो गया | By Zuber Ajmeri

तू तो आँखों से एक पल ना ओझल हुआ
तू मेरा हो गया देखते देखते
देखते ही तेरी प्यारी चितवन प्रभु
दिल फ़िदा हो गया देखते देखते

ज़िन्दगी में बहुत मुश्किलें थी मगर
मिट गई हर गिला देखते देखते
हुए रोशन मेरे रात दिन और सभी
ऐसा दीपक जला देखते देखते

सोचता हूँ के तेरी कृपा से प्रभु
क्या से क्या हो गए देखते देखते
जो फकीरी में दिन काटते थे कभी
बादशाह हो गए देखते देखते

तेरी सोनी सी सूरत जो देखी प्रभु
दिल का गुलशन खिला देखते देखते
सोचता हूँ मैं शुक्राना कैसे करूँ
ऐसा दिलबर मिला देखते देखते

तुमसे मिलने मिलाने का दिल जो करे
बन गया सिलसिला देखते देखते
खाटू में श्याम भक्तों का चोखानी को
मिल गया काफिला देखते देखते

https://bhaktivandana.com/lyrics/%e0%a4%a4%e0%a5%82-%e0%a4%ae%e0%a5%87%e0%a4%b0%e0%a4%be-%e0%a4%b9%e0%a5%8b-%e0%a4%97%e0%a4%af%e0%a4%be-by-zuber-ajmeri/